an>

Title: Need to establish an Airport in Azamgarh, Uttar Pradesh.

श्रीमती नीलम सोनकर (लालगंज) ः हमारा संसदीय क्षेत्र् लालगंज, आजमगढ़ जिला (उत्तर प्रदेश) में पड़ता है और उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल का घनी आबादी वाला जिला है। यहाँ के अधिकतर लोग विदेशों में, खासकर खाड़ी देशों में नौकरी करते हैं। यहाँ हवाई पट्टी है, जिसका यदा-कदा ही इस्तेमाल होता है। मैं सरकार से मांग करती हूं कि आजमगढ़ जिले में हवाई अड्डे का निर्माण किया जाए और यहाँ से नियमित उड़ान शुरू की जाए ताकि विदेशों में काम करने वाले लोगों को और यहाँ के व्यवसायी और अन्य लोगों को इसका लाभ मिल सके।